लापरवाही • रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर बस, ऑटो और फल विक्रेताओं का अवैध कब्जा

डेहरी स्टेशन के मुख्य द्वार पर बनी पुलिस चौकी में जवानों की नहीं रहती है तैनाती

भास्कर न्यूज़ | डालमियानगर

डेहरी शहर के पॉश इलाके डेहरी स्टेशन के पास महिलाओं की सुरक्षा और आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर 3/9/2021 को ही पुलिस चौकी स्थापित किया गया था। तथा यह सुनिश्चित किया गया था कि चौकी में दो शिप्टों में 24 घंटे पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, महिला पुलिसकर्मी की भी नियुक्ति की गई थी, ताकि महिलाओं से संबंधित मामलों में उनकी सहायता की जाए। पुलिस चौकी आम लोगों के लिए हेल्प सेंटर की तरह काम करेगी। स्टेशन के पास की भीड़ एवं टेंपो रिक्शा से लगने वाले जाम से छुटकारा दिलाने के साथ ही यातायात संधारण व सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बाल की मुस्तैदी की गई थी परंतु उनके स्थानांतरण होने के बाद पुलिस चौकी पर स्थानीय नगर थाना के पुलिस आते तो है परंतु कुछ घंटा रहने के बाद फिर चौकी खाली हो जाती है। वहीं 21/ 8 /2023 को मोहन बीघा बस स्टैंड स्थित टी. ओ. पी की स्थापना थे कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर उस तत्कालीन एसपी रहे विनीत कुमार के द्वारा उद्घाटन किया गया था, परंतु यहां भी पुलिस की मौजूदगी नहीं दिखाई देती है। पुलिस की गैर मौजूदगी से बस व ऑटो चालक रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट को जाम करके रखते हैं। दुर्गा मंदिर से फल मंडी तक जाम के कारण घंटो वाहन खड़े रहते हैं। इस दौरान ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना होता है। समय पर रेलवे स्टेशन नहीं पहुंचने के कारण कई बार यात्रियों का ट्रेन छूट जाता है। जाम की समस्या से दुर्घटनाओं की आशंका व पॉकेटमारों का भय सताता है।

महिलाओं की सुरक्षा व आपराधिक गतिविधियों पर पुलिस की नजर नहीं



स्टेशन के मुख्य गेट पर जाम की स्थिति।

जाम का है मुख्य कारण

स्टेशन रोड में जाम का मुख्य कारण सड़क पर लगने वाली फलों की दुकानें, ऑटो व बस का ठहराव है। ठेला व खुमचा द्वारा लगाए गए फलों की दुकान से सड़कें सकरी हो जाती हैं। सवारी की खोज में दर्जनों ऑटो चालक रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट के सामने सड़क पर ऑटो खड़ा कर देते हैं। वही फल विक्रेताओं की ठेला भी लग जाती है, जिससे सकरी सड़क पूर्ण रूप से जाम हो जाती है। ऑटो चालकों के आतंक से त्रस्त होकर समाजसेवियों व स्थानीय लोगों की मांग पर जाम की समस्या से निपटारा के लिए पुलिस बल की मांग यात्रियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा की जाती है।

सामाजिक संगठनों ने पुलिस प्रतिनियुक्ति की मांग की

जन सुराज के नेता व सामाजिक कार्यकर्ता आरके सिंह, ललित सिंन्हा, पारस दुबे सहित कई समाजसेवियों ने यात्रियों की सुरक्षा व जाम मुक्ति के लिए स्टेशन रोड स्थित टीओपी में 24 घंटे पुलिस प्रतिनियुक्ति की मांग की है। सभी का कहना है कि डेहरी ग्रेड ए स्टेशन होने से औरंगाबाद, झारखंड, रोहतास सहित कई स्थानों के हजारों यात्री अपने निजी व प्राइवेट साधनों द्वारा ट्रेन पकड़ने स्टेशन आते हैं। जिससे स्टेशन परिसर पर हमेशा भीड़ बनी रहती है.यात्रियों की सुरक्षा व सुरक्षा मानकों के हिसाब से स्टेशन रोड स्थित टीओपी पर 24 घंटे पुलिस प्रतिनियुक्ति आवश्यक है। स्टेशन से बस स्टैंड तक महिला एवं पुरुष यात्रियों की सुरक्षा को लेकर 24 घंटा पुलिस की मौजूदगी आवश्यक है. पुलिस टीम शाम और रात के समय जब ट्रेन ज्यादा आती है, तब जाम एवं अपराधीक गतिविधियों को रोकने तथा यातायात संधारण के लिए पुलिस बल की नियुक्ति आवश्यक है।

जल्द ही पुलिस बल की तैनाती की जाएगी

एएसपी अतुलेश झा ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने को लेकर स्टेशन द्वार के पास स्थित पुलिस चौकी एवं मोहन बीघा बस स्टैंड स्थित पुलिस चौकी पर जल्द ही पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

मई के अंत तक मुख्य नालों की सफाई करें

भास्कर न्यूज़ | डेहरी सदर

नगर परिषद बोर्ड की बैठक में पार्षदों ने सामूहिक रूप से शुक्रवार को शहरी क्षेत्र के सभी मुख्य नालों की सफाई का निर्णय लिया है। बरसात के पहले इसे महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है। यहां बैठक उपरांत मुख्य पार्षद शशि कुमारी ने बताया कि जहां तहां गंदे पानी के जमाव से निजात को देखते हुए निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि सामान्य बारिश के दौरान कहीं भी जल-जमाव नहीं होगा। बताया कि मई के अंत तक सफाई कार्य पूरा करने के निर्देश हैं। कहा कि विकास कार्यों को लेकर सभी पार्षदों से योजना मांगी गई है ताकि शेष पड़े कार्यों को कराया जा सके। इस बैठक में विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह,उप मुख्य पार्षद रानी कुमारी सहित कार्यपालक पदाधिकारी डॉ विमल कुमार भी मौजूद थे।अधिकारी के मुताबिक शहर में खराब पड़े स्ट्रीट लाइट को मरम्मत करने सहित जहां नहीं है वहां के लिए नया खरीद का निर्णय लिया गया है।इसके लिए टेंडर प्रक्रिया की जाएगी। उन्होंने बताया कि पूर्व में शहरी क्षेत्र में आम लोगों के बैठने के लिए खरीद की गई सिमेंटेड कुर्सियों के गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरने के कारण सप्लायर के राशि भुगतान पर रोक लगाई गई है।

न्यूज़ ब्रीफ

मिथिलेश तिवारी को शिक्षा मंत्री बनने पर दी बधाई

इंद्रपुरी | बिहार सरकार में मिथिलेश तिवारी को शिक्षा मंत्री बनाए जाने पर प्राइवेट स्कूलों के राष्ट्र रत्न संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं जिले के शिक्षाविदों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दीं हैं। इस अवसर पर राष्ट्र रत्न संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मधेश्वर सिंह डीके कार्मेल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, अखिलेश कुमार डिवाइन पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष, राष्ट्रीय सदस्य आनंद सिंह आरएसके पब्लिक स्कूल, बस्तीपुर डेहरी,प्रशांत सिंह सोन राइजिंग स्कूल डेहरी, समीर कुमार डीपीएस स्कूल, जिला अध्यक्ष अरविंद भारती अरविंद एकेडमी न्यू डीलीयां सहित जिले के सभी शिक्षाविदों ने कहा कि मिथिलेश तिवारी के नेतृत्व में बिहार की शिक्षा व्यवस्था नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। सभी ने आशा व्यक्त किया कि उनके कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होंगे तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों और निजी विद्यालयों को भी विशेष लाभ मिलेगा।



दूल्हे की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, बाल बाल बची जान

चेनारी | गुरूवार की रात सोन उच्च स्तरीय नहर पथ पर चेनारी थाना क्षेत्र के उर्दा गांव की समीप दो वाहनों की टक्कर हो गई। इस हादसे में गाड़ी पर सवार दूल्हा सहित दो अन्य लोग बाल-बाल बच गए। हालांकि, दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। थाना क्षेत्र के देवडिही गांव से कैमूर जिले की बेलाव की ओर नहर से जा रही दूल्हे की कार में एक स्कूल वैन ने पीछे से टक्कर मार दिया, जिससे दूल्हे की गाड़ी अनियंत्रित होकर आगे चल रहे एक डीजे के गाड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दूल्हे की कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में देवडीही क्षेत्र के गांव धनधारी बिंद का पुत्र वकील (दूल्हा) सहित अन्य लोग सवार थे। सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सूचना मिलते ही चेनारी थानाध्यक्ष सुरेंद्र मालाकार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों गाड़ी को सड़क के किनारे खड़ा कर कर चौकीदार की तैनाती कर यातायात को सुचारू की गई।



शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

बिक्रमगंज | बिक्रमगंज उत्पाद पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर अनुमंडल अंतर्गत नासरीगंज से दो कारोबारियों को देशी व विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया 1 उत्पाद निरीक्षक अजीत कुमार ने बताया की गुप्त सुचना मिला की नासरीगंज मे दो कारोबारी शराब लेकर बगल के गांव मे जाने वाले है 1 जिसके बाद उत्पाद टीम नासरीगंज पहुंच दोनों को पकड़ तलाशी लिया तों चार बोतल विदेशी व 20 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद कर लिया गया 1 बाद मे दोनों कारोबारियों व दो पकड़े गए पियक्कड़ को कागजी प्रक्रिया पूरा कर न्यायालय भेज दिया गया 1

रोक के बावजूद खुले में बिक रहा मांस-मछली

नौहट्टा | राज्य सरकार की रोक के बावजूद नौहट्टा एवं रोहतास प्रखंड में खुले में बिक रहा है मांस-मछली, स्वच्छता नियमों की उड़ रही धज्जियां। प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। नौहट्टा एवं रोहतास बाजार में मुख्य सड़क के किनारे ही कई दुकानदार बिना ढके मांस-मछली बेच रहे हैं। मुख्य बातें हैकहां बिक रहा नौहट्टा, भदारा, काजीपुर, देवीपुर, दारानगर, रोहतास, बंजारी, तुम्बा में सड़क किनारे और सब्जी मंडी के आसपास रोज सुबह से ही खुले में दुकानें सज जाती हैं।खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मांस-मछली को ढककर, साफ-सुथरी जगह पर बेचना अनिवार्य है। खुले में बिक्री पर जुर्माने का प्रावधान है।धूल-मिट्टी और मक्खियों के कारण मांस-मछली दूषित हो रही है। इससे बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है।

मां का दूध बच्चों को बनाता है स्वस्थ और मजबूत

सासाराम | जिले में शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और कुपोषण की समस्या को कम करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्तनपान को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी संदेश में बताया गया है कि मां का दूध शिशु के लिए सबसे सुरक्षित और पौष्टिक आहार है, जो बच्चे को स्वस्थ एवं बुद्धिमान बनाने के साथ-साथ कई गंभीर बीमारियों से भी बचाता है। सदर अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ इम्तियाज ने बताया कि जन्म के तुरंत बाद मां का पहला गाढ़ा पीला दूध शिशु के लिए बेहद लाभकारी होता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व और एंटीबॉडी बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि नियमित स्तनपान से बच्चों में निमोनिया, दस्त तथा अन्य संक्रमणजनित बीमारियों का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है।

बाइक की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ की हुई मौत

भास्कर न्यूज़ | काराकाट

थाना क्षेत्र के चांदी गांव के समीप एसएच 81 बडीहा-सक्कडी पथ पर बाइक की टक्कर से साइकिल सवार एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान इसी थाना के सिकरिया निवासी महेंद्र नट 50 वर्ष के रूप की गई है। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार के सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव मिलते ही सड़क पर उतर आए और सड़क जामकर एसएच 81 का आवागमन करीब तीन घंटे तक ठप कर दिया। बाद में वहां पहुंचे बीडीओ राहुल कुमार सिंह, सीओ डा रितेश कुमार व प्रभारी थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार के पहल पर लोग सड़क से हटने को तैयार हुए। थाने की पुलिस ने तत्काल वहां पहुंच कर उन्हें समझाने की कोशिश की,लेकिन जामकर्ताओं ने उनकी एक न सुनी। वे मृतक के आश्रित को मुआवजा दिलाने व सड़क पर गति अवरोधक बनवाने की मांग कर रहे थे। सड़क जाम से घटना स्थल के दोनों ओर छोटी-बड़ी वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी।यात्री व वाहन चालको को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। वाहनों में सवार बच्चे गर्मी से चीखने लगे थे।

बाइक के चैन फंसने से युवक घायल, रेफर

नौहट्टा | चुटिया थाना अन्तर्गत मधुकुपीया मे बाइक के चैन फंस जाने से यदुनाथपुर थाना के यदुनाथपुर गांव के शंखवा टोला के धर्मेन्द्र चेरो गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था मे उसे ग्रामीणों ने रेफरल अस्पताल लाया ।प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि युवक शादी विवाह मे भोजन बनाने का काम करता है। उसकी भी शादी मंगलवार को हुई थी तथा गुरूवार को चौठारी हुआ था।युवक बाइक से किसी काम से अमहुआ गया था तथा वहां से अपना घर लौट रहा था। मधुकुपीया मोड़ पर उसकी बाइक का चैन फंस गया।

जन सुराज पार्टी ने जिला इकाई का किया गठन

भास्कर न्यूज़ | डालमियानगर

जन सुराज पार्टी के नेतृत्व में रोहतास जिला इकाई के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का गठन समारोह उत्साह एवं गारिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह जानकारी देते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता आरके सिंह डालमियानगर स्थित कार्यालय से बताया कि कार्यक्रम में पार्टी संगठन को मजबूत करने तथा जनहित के मुद्दों को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।समारोह के दौरान क्षेत्रीय प्रभारी रविंद्र द्विवेदी ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए फूलमाला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। नवगठित जिला इकाई में जिला अध्यक्ष पद पर रवीरंजन कुमार सिंह, जिला महामंत्री पद पर अशोक भारती तथा जिला प्रवक्ता पद पर आरके सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रियंका सिंह और महिला प्रवक्ता रत्ना सिन्हा को बनाया गया। कोषाध्यक्ष एवं कार्यालय प्रभारी डॉ. सच्चिदानंद सिंह को बनाया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकोष्ठों का भी गठन किया गया, जिसमें प्रबुध प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद पर डॉ. अमिताभ सिंह को जिम्मेदारी दी गई। साथ ही किसान प्रकोष्ठ, के अध्यक्ष बलराम सिंह अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष बलजीत सिंह यादव ओबीसी प्रकोष्ठ नागेंद्र प्रसाद पटेल कर्पूरी मंच अध्यक्ष कन्हैया शर्मा बलराम पासवान अंबेडकर मंच अध्यक्ष हरे राम पासवान अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अखलाक अहमद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील कुमार सोनी गठन की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम में काराकाट लोकसभा प्रभारी प्रदीप ललन सिंह, सासाराम लोकसभा प्रभारी विनोद तिवारी, अल्पसंख्यक प्रदेश उपाध्यक्ष सौदआलम उर्फ लड्डू खान पप्पू नटराज शाहाबाद पर क्षेत्र अंबेडकर मंच सासाराम से प्रत्याशी रहे विनय कुमार सिंह संभावित अभिषेक संस्कृत किसान प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष चुनचुन सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता थे।

विकास कार्यों की प्रगति का लिया जायजा

भास्कर न्यूज़ | सासाराम

पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के अंतर्गत भभुआ रोड स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित शाखा अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने भभुआ रोड स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों का विस्तार से अवलोकन किया तथा विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग बनाए रखने के निर्देश दिए गए। स्टेशन परिसर का निरीक्षण करते हुए स्टेशन भवन, यात्री परिसंचरण क्षेत्र, प्रतीक्षालय, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था तथा स्टेशन परिसर में उपलब्ध अन्य यात्री सुविधाओं की समीक्षा की गई। साथ ही यात्रियों की सुगम आवाजाही एवं स्टेशन पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। इसके साथ ही स्टेशन परिसर में संचालित खानपान स्टॉल की व्यवस्था, सेवा गुणवत्ता, स्वच्छता तथा यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने हेतु संचालित व्यवस्थाओं को इसी गुणवत्ता एवं प्रतिबद्धता के साथ निरंतर बनाए रखने पर बल दिया। इसके अलावा यार्ड क्षेत्र में प्वाइंट्स तथा स्विच एक्सपेंशन जॉइंट (एसईजे) का निरीक्षण कर ट्रैक संरचना एवं सुरक्षित परिचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं का अवलोकन किया गया।

संतरागाछी-खातिपुरा एक्सप्रेस का सासाराम जंक्शन पर होगा ठहराव

सासाराम | रेलवे ने सासाराम जंक्शन को एक और नई ट्रेन की सौगात दी है। रेलवे ने पश्चिम बंगाल के संतरागाछी से राजस्थान के जयपुर के खातीपुरा तक साप्ताहिक ट्रेन चलाने की घोषणा की है। जानकारी के अनुसार बता दें कि भारतीय रेलवे द्वारा यात्री सुविधाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। रोहतास जिले के सासाराम जंक्शन व डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर एक और साप्ताहिक नई ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित किया गया है।

डीडीटी का छिड़काव नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ा

भास्कर न्यूज़ | नौहट्टा

स्थानीय प्रखंड क्षेत्र में इस साल अब तक डीडीटी का छिड़काव नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप चरम पर पहुंच गया है। हालात ये हैं कि लोगों को दिन के उजाले में भी मच्छरदानी लगाकर बैठना पड़ रहा है। शाम ढलते ही घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है। मच्छरों के प्रकोप से नौहट्टा ,टीपा,दारानगर, डुमरिया ,शाहपुर , सिंहपुर, बंदू,खैरवा खुर्द,समेत दर्जनों गांवों के लोग परेशान हैं। नालियां जाम हैं और जगह-जगह जलजमाव के कारण मच्छरों का प्रजनन तेजी से हो रहा है। स्थानीय निवासी रीता देवी,मंजू देवी ने बताया कि दिन में भी बच्चे को मच्छरदानी में सुलाना पड़ता है।

झमाझम बारिश बारिश के बाद मौसम हुआ सुहाना

बिक्रमगंज | भीषण गर्मी से जूझ रहे बिक्रमगंज और आसपास के प्रखंडों में शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश और हवाओं ने मौसम को सुहावना बना दिया। इस बारिश के कारण तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को झुलसती गर्मी से काफी राहत मिली। पिछले कई दिनों से जिले में बढ़ती गर्मी के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा था। स्थिति ऐसी थी कि लोग दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बच रहे थे। इसके साथ ही बिजली की अनियमित आपूर्ति ने भी लोगों की परेशानियां बढ़ा दी थीं। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में गरज के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना जताते हुए अलर्ट जारी किया है।

थनैला रोग रोकथाम के लिए किया जा रहा जागरूक

सासाराम | डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग बिहार सरकार द्वारा स्वच्छ दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने एवं दुधारू पशुओं को थनैला रोग से बचाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में भी पशुपालकों को थनैला से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत दूध निकालने के बाद पशुओं के थनों को एंटीसेप्टिक घोल जैसे आयोडीन या लाल दवा में डुबाने तथा दूध दुहने के तुरंत बाद पशुओं को 20 से 30 मिनट तक खड़ा रखने की सलाह दी गई है। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. आरके चौबे ने बताया कि थनैला रोग दुधारू पशुओं में होने वाली एक गंभीर समस्या है।

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India

आंचलिक कार्यालय: गया अंचल, राज लक्ष्मी काम्प्लेक्स ए.पी. कॉलोनी के निकट, गया- 823001, टेलीफोन-0631-2220143/0312220336 /0312220246 ईमेल :zo.gaya@bankofindia.co.in

परिशिष्ट IV – नियम 8 (1)

कब्ज़ा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी ने सेक्युरिटाईजेशन एंड रिकन्सट्रक्शन ऑफ़ फाइनेंसियल एसेट्स एंड इंफोर्स्मेंट ऑफ़ सेक्युरिटी इंटरेस्ट अधिनियम 2002 तथा सेक्युरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्स्मेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद द्वारा ये सुचना दी जाती है की प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न टेबल में उल्लेखित विवरण को डिमांड नोटिस निर्गत किया गया था जिसमे निम्नलिखित ऋणी को इस सुचना प्राप्ति के 60 दिनों के अंदर बैंक की बकाया राशि सूद सहितअदायगी को कहा गया था।

निम्नवर्णित कर्जदार / जमानतदारों निर्धारित समय के भीतर धारा 13 (2) के अंतर्गत जारी सम्बंधित नोटिसों में दर्शाये गए राशि का भुगतान नहीं किया है , एतद द्वारा उपर्युक्त वर्णित कर्जदारों / जमानतदारों और सामान्य रूप से जनसाधारण को सुचना दी जाती है की कथित नियमों के पठित नियम 8 कथित एक्ट की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने सम्बंधित संपत्ति के सामने अंकित तिथि (यों) पर निम्नलिखित में वर्णित संपत्ति (यों) (सुरक्षित सम्पत्तिओं) को प्रतीकात्मक कब्जे में लिया है।

उपर्युक्त कर्जदारों / जमानतदारों को विशेष रूप से और जनसाधारण को सामान्य रूप से तालिका में वर्णित संपत्ति / यों के साथ लेन-देन करने से आगाह किया जाता है और कथित संपत्ति / यों के साथ कोई लेन-देन तालिका में सम्बंधित कॉलम में दर्शाये गए राशि और उसपर देय ब्याज बैंक ऑफ़ इंडिया के अधीन होगा।

सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

क्र.	क. कर्जदार का नाम/ गारंटर का नाम ख. शाखा का नाम	क. मांग सूचना की तिथि ख. बकाया राशि 13(2) के अनुसार	अचल संपति का विवरण	आस्तियों की कब्ज़ा तिथि
1	(क) मेसर्स यादव जी फ़र्निचर हाउस, प्रोप.- बबन सिंह पिता स्वर्गीय बलदेव सिंह गारंटर- श्री गौतम कुमार सिंह पिता बबन सिंह एवं (गारंटर) श्री रूपेश कुमार पिता बबन सिंह (ख) बिक्रमगंज शाखा	(क) 24.02.2026 (ख) रु.11,69,334.53/- (रुपये ग्यारह लाख उनहत्तर हजार तीन सौ चौंतीस एवं तिरपन पैसे मात्र) + ब्याज एवं आकस्मिक व्यय सहित।	भूमि का समतुल्य बंधक पार्ट सर्वे प्लॉट संख्या- 2773, खाता संख्या- 454, थाना संख्या- 500, हल्का संख्या- 03, मौजा- तेंदुरी, पोस्ट +थाना- बिक्रमगंज, जिला-रोहतास, क्षेत्रफल-12.50 धुर, बिहार, पंजीकृत बिक्री विलेख संख्या-3652 एवं 3653 दिनांक 21-05-2002 में स्थित है। बिक्री विलेख संख्या- 3652, दिनांकः 21.05.2002 (2.00 धुर) **चौहद्दी-** पूर्वः हल बैदार, पश्चिमः गोरख सिंह, दक्षिणः चितरंजन शर्मा एवं अन्य, उत्तरः प्लॉट संख्याः-2787 विक्रय विलेख संख्याः 3653, दिनांकः 21.05.2002 (10.50 धुर) **चौहद्दी-** पूर्वः 3' चौड़ा रास्ता, पश्चिमः हल बैदर, दक्षिणःचितरंजन शर्मा एवं अन्य, उत्तरः प्लॉट संख्या- 2787	07.05.2026
2.	(क) श्री तेजस्वी सिंह पिता- मनोज शंकर सिंह (सह-उधारकर्ता) श्रीमती मीना सिंह पति- मनोज शंकर सिंह (ख) भलुआरी शाखा	(क) 23.12.2025 (ख) रु.18,31,641.39/- (रुपये अट्ठारह लाख इकतीस हजार छह सौ इकतालीस एवं उनचालीस पैसे मात्र) + ब्याज एवं आकस्मिक व्यय सहित।	भूमि एवं भवन का समतुल्य बंधक सर्वे प्लॉट संख्या-193, खाता संख्या- 05, मौजा- पाली, थाना संख्या-160, अंचल- डेहरी ऑन सोन, जिला- रोहतास (बिहार) में स्थित है, जो श्रीमती मीना सिंह पति श्री मनोज शंकर सिंह,के नाम पर है। क्षेत्रफल-1 कट्ठा 15 धुर (5.468 डेसीमल) सेल डीड संख्या-6223 दिनांक 15-05-2014 वार्ड संख्या-28, निवासी-पाली रोड, नगीना हाउस, गांधी नगर, पोस्ट + थाना -डेहरी ऑन सोन, जिला-रोहतास, बिहार-821307 **चौहद्दी-** पूर्वः निज मोकिर, पश्चिमः सुरेंद्र लाल, दक्षिण- रास्ता फिर बैज नाथ लाल एवं अन्य, उत्तर- संतोष कुमार एवं विनोद कुमार	07.05.2026
3.	(क) श्री मुकेश कुमार गुप्ता पिता मुन्ना कुमार गुप्ता, (सह-उधारकर्ता) श्रीमती मीना देवी पति मुकेश कुमार गुप्ता (ख) डेहरी ऑन सोन शाखा	(क) 22.12.2025 (ख) रु.9,70,619.00 (रुपये नौ लाख सत्तर हजार छह सौ उन्नीस मात्र) + ब्याज एवं आकस्मिक व्यय सहित।	भूमि एवं भवन का मूल्यांकन समतुल्य बंधक, खाता संख्या-70, खेसरा संख्या-1254, मौजा-मथुरी, थाना संख्या-159, वार्ड संख्या-03, थाना-डेहरी ऑन सोन, श्रीमती मीना देवी के नाम पर स्थित है, क्षेत्रफल- 1.50 डेसिमल (653 वर्ग फुट), सेल डीड संख्या-2006, दिनांक 07-04-2021, ग्राम-मथुरी, थाना-डेहरी ऑन सोन, जिला-रोहतास, बिहार-821307 **चौहद्दी-** पूर्व-8 फुट चौड़ी सड़क, पश्चिम-सच्चितानंद सिंह पिता स्वर्गीय भगवान राय, दक्षिण-मयंक कुमार, उत्तर-निज विक्रेता	07.05.2026

दिनांक- 07.05.2026
स्थान- गया

विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।

प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ इण्डिया

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! **punjab national bank** ...the name you can BANK upon !

सम्पति वसूली प्रबंधन शाखा
ओल्ड जीटी रोड, औरंगाबाद, बिहार-824101

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय सम्पतियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल सम्पतियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतदद्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी / चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा उसके द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता को अपने बकाया की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि पर **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है'** पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (गारंटरों) से सुरक्षित लेनदार, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा नीचे दी गई तालिका में सम्बंधित सम्पत्तियों के अनुसार होगी।

परिशिष्ट- IV-A [नियम 9 (1) का प्रावधान देखें] (सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची)

लॉट न.	शाखा का नाम / खाते का नाम / उधारकर्ता/गारंटर के खाते का नाम एवं पता	गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/मालिक का नाम (संपत्ति को गिरवी रखने वाले)	(क) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना की तिथि (ख) मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि (ग) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्ज़ा की तिथि (घ) कब्जे की प्रकृति	क) आरक्षित मूल्य (लाख रुपये में) ख) ईएमडी ग) बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण
1	पीएनबी- नोखा (648400) 64840087000000896 एवं 648400II0000007 **मेसर्स किरण मिनी राइस मिल,** प्रोप- श्रीमती किरण देवी पति श्री सुनील कुमार, **निवासी-** ग्राम-रघुनाथपुर, वार्ड संख्या- 8, पोस्ट- भलुआही, थाना- नोखा, जिला- रोहतास, पिन- 802215, **निवासी-** करमा, थाना- काराकाट (गोरारी), जिला- रोहतास, बिहार- 802212 **श्री सुनील कुमार** पिता श्री ताराचंद सिंह, निवासी- ग्राम-रघुनाथपुर, वार्ड संख्या- 8, पोस्ट- भलुआही, थाना- नोखा, जिला- रोहतास, पिन- 802215	भूमि एवं भवन स्थितः मौजा-रघुनाथपुर, हल्का संख्या- 3, रेव. थाना-नोखा, जिला-रोहतास, विभाजन विलेख संख्या- 13408 दिनांक 18.12.2007 के अनुसार (अनुसूची ख) श्री सुनील कुमार पिता श्री ताराचंद सिंह के नाम पर (1) खाता संख्या- 30, प्लॉट संख्या- 18, क्षेत्रफल- 77 डेसीमल **चौहद्दी-** उत्तर-राज कुमार, दक्षिण-रामेश्वर पाठक एवं अन्य, पूर्व-संजय सिंह एवं अन्य, पश्चिम- रोड (2) प्लॉट संख्या- 235, क्षेत्रफल- 1 एकड़ 48 1/2 डेसीमल **चौहद्दी-** उत्तर- करहा, दक्षिण-रामेश्वर पाठक, पूर्व- ज्ञानचंद चौधरी, पश्चिम- लल्लन पाठक एवं अन्य	(क) 13.07.2022 (ख) रु. 68,60,564/- + भविष्य का ब्याज (ग) 20.09.2022 (घ) सांकेतिक	(क) रु.1,99,28,250/- (ख) रु.19,92,825/- (ग) रु. 25,000/-	दिनांक 26.05.2026 को दोपहर 12:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक	ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें : बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी: 1. संपत्तियों को 'जैसा है जहां है के आधार पर' और 'जैसा है जो है के आधार पर' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जा रहा है। 2. यहां ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से 26.05.2026 को दोपहर 12.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक की जाएगी। 4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और www.pnbindia.in देखें। 5. प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी बोली को स्वीकार करने या सभी बोलियों को अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य न हो, या किसी भी समय बिना कोई कारण बताए नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द/स्थगित/बंद करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है एवं इस संबंध में उसका निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना | विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा | प्राधिकृत अधिकारी

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! **punjab national bank** ...the name you can BANK upon !

सर्कल ऑफिस, ओल्ड जीटी रोड,
औरंगाबाद, बिहार – 824101

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय सम्पतियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल सम्पतियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतदद्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी / चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा उसके द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता को अपने बकाया की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि पर **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है'** पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (गारंटरों) से सुरक्षित लेनदार, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा नीचे दी गई तालिका में सम्बंधित सम्पत्तियों के अनुसार होगी।

परिशिष्ट- IV-A [नियम 9 (1) का प्रावधान देखें] (सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची)

लॉट न.	शाखा का नाम / खाते का नाम / उधारकर्ता/गारंटर के खाते का नाम एवं पता	गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/मालिक का नाम (संपत्ति को गिरवी रखने वाले)	(क) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना की तिथि (ख) मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि (ग) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्ज़ा की तिथि (घ) कब्जे की प्रकृति	क) आरक्षित मूल्य (लाख रुपये में) ख) ईएमडी ग) बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण
1	शाखाःकरगहर (235300) खाता संख्या 2353008700001777 एवं 235300SG00000164 **मेसर्स दीपक मिनी राइस मिल,** प्रोप-श्रीमती कलावती देवी पति श्री हरेंद्र सिंह **श्रीमती कलावती देवी** पति श्री हरेन्द्र सिंह **श्री राम निवास सिंह** पिता स्वर्गीय राम जनम सिंह **श्री दीनानाथ सिंह** पिता स्वर्गीय राम जनम सिंह **गेना कुँवर** पति स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह **श्री हरेन्द्र सिंह** पिता स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह **श्री नरेंद्र सिंह** पिता स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह **श्री देवेन्द्र** पिता स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह सभी निवासी-नीमडिहारा, पोस्ट+थाना-करगहर, जिला-रोहतास, बिहार-821107	**अचल संपत्ति स्थित हैः** मौजा-नीमडीहरा, थाना संख्या-82, रेव थाना करगहर, जिला-रोहतास, खाता संख्या-49, प्लॉट संख्या-1080, क्षेत्रफल-11 डिसमिल, पंजीकृत बंधक विलेख संख्या 2182 दिनांक 15.02.2016 1.श्री राम निवास सिंह पिता स्वर्गीय राम जनम सिंह 2. श्री दीनानाथ सिंह पिता स्वर्गीय राम जनम सिंह 3. मो. गेना कुँवर पति स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह 4. श्री हरेन्द्र सिंह पिता स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह 5.श्री नरेंद्र सिंह पिता स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह 6.श्री देवेन्द्र सिंह पिता स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह **चौहद्दीः** उत्तर- छविनाथ सिंह, दक्षिण- दया शंकर सिंह, पूर्व- बलिराम सिंह, पश्चिम- सड़क	क) 25.05.2023 ख) रु.25,40,230.57 + अतिरिक्त ब्याज ग) 02.08.2023 घ) सांकेतिक	क) रु. 34,29,750.00/- ख) रु. 342975/- ग) रु. 25,000/-	दिनांक 26.05.2026 को दोपहर 12:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक	ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें : बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी: 1. संपत्तियों को 'जैसा है जहां है के आधार पर' और 'जैसा है जो है के आधार पर' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जा रहा है। 2. यहां ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से 26.05.2026 को दोपहर 12.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक की जाएगी। 4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और www.pnbindia.in देखें। 5. प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी बोली को स्वीकार करने या सभी बोलियों को अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य न हो, या किसी भी समय बिना कोई कारण बताए नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द/स्थगित/बंद करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है एवं इस संबंध में उसका निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना | विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा | प्राधिकृत अधिकारी